**भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001**

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/46**

# *भा.कृ.अनु.प-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा "प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आरक्षण रोस्टर पर क्षमता निर्माण" पर किया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन*

सरकार द्वारा आरक्षित वर्ग के लिए रोजगार के क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। इसी पहल के अंतर्गत भा.कृ.अनु.प-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा "प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आरक्षण रोस्टर पर क्षमता निर्माण" पर 29 अगस्त से 01 सितम्बर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमे देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने भाग लेकर इस सत्र का लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, जयपुर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री आई.बी. कुमार सम्मिलित हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने इस तीन दिवसीय सत्र में भारत सरकार की आरक्षण नीति के अंतर्गत सार्वजनिक नियुक्ति पर चर्चा की तथा इन नीतियों को सुचारु रूप से संस्थान में संचालित करने के लिए पदों के अनुसार आरक्षण रोस्टर निर्माण कार्य एवं आरक्षण रजिस्टर के अनुरक्षण पर भी प्रशिक्षण दिया। इसी श्रृंखला में उनके द्वारा एक प्रदर्शन सत्र के माध्यम से उन्होंने संस्थान में रिक्तियों की गणना, अनुकंपा नियुक्तियों और आरक्षण रोस्टर उन्नयन और पदों के आधार पर आरक्षण रोस्टर बनाने के साथ-साथ एल-आकार के रोस्टर को बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया। इन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन, प्रतिभागियों ने इस सत्र की मेजबानी की सराहना की और संस्थान की निदेशक डॉ नीता खांडेकर ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और प्रशासन से प्रशासनिक कर्मियों के उन्नयन के लिए अन्य ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

.......................................................................................




ICAR-INDIAN INSTITUTE OF SOYBEAN RESEARCH
Research, Indore, M.P.



